# क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार, मुंगेर।

—:प्राधिकार का निर्णयः—

दिनांक—19.09.2025 की बैठक में श्री राजकुमार के वाहन संख्या—BR09P-8511 के परमिट आवेदन को सशर्त स्वीकृति प्रदान की गयी थी। शर्त्त के अनुसार निर्धारित अवधि में संशोधित समय सारणी पर कोई आपत्ति प्राप्त नहीं हुई है परन्तु श्रीमती विनीता कुमारी के तरफ से श्री सुधीर कुमार द्वारा गति सीमा उल्लंघन संबंधी आपत्ति समर्पित की गयी है। समर्पित आपत्ति आवेदन में बेगूसराय से बलिया के बीच की दूरी 18KM दर्शाते हुए उक्त दूरी को तय करने में गति सीमा उल्लंघन का उल्लेख किया गया है।

उल्लेखनीय है कि सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा निर्धारित गति सीमा के आलोक में जाँचोपरांत पाया गया कि वाहन संख्या— BR09P-8511 द्वारा बेगूसराय से बलिया के बीच गति सीमा का उल्लंघन नहीं किया जा रहा है। प्रत्येक पाली में उपरोक्त दूरी को तय करने में इस वाहन द्वारा 18 मिनट से अधिक का समय लिया जाता है जो निर्धारित गति सीमा के अन्दर है। अतएव आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 09.10.25 | 9/10/25 | 9/10/25 | 09/10/2025 |
| **अवर सचिव, आयुक्त कार्यालय, मुंगेर प्रमंडल, मुंगेर** | **अपर समाहर्त्ता—सह—सदस्य क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार, मुंगेर प्रमंडल, मुंगेर** | **संयुक्त आयुक्त—सह—सचिव, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार, मुंगेर प्रमंडल, मुंगेर** | **आयुक्त—सह—अध्यक्ष क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार, मुंगेर प्रमंडल, मुंगेर** |

ज्ञापांक —01—01/2025/परि0 286, दिनांक 09/10/2025

प्रतिलिपि —श्री नीरज कुमार, आई0टी0 सहायक, आयुक्त कार्यालय, मुंगेर प्रमंडल, मुंगेर को प्रमंडलीय बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

9/10/25

संयुक्त आयुक्त—सह—सचिव,
क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार, मुंगेर।

D/N folder/Later 229

Scanned with OKEN Scanner